CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 27 □ रायपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# आम जनता के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : साय

## सुशासन को सुदृढ़ करने के लिए सीईजीआईएस और टीआरआई के साथ हुआ एमओयू

**रायपुर,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। प्रदेश में शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में सुशासन एवं अभिसरण विभाग ने सेंटर फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस ऑफ इंडियन स्टेट्स और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी से प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि, योजनाओं की प्रभावी निगरानी एवं क्रियान्वयन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि संसाधनों का सही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से हमने प्रदेश में 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' की स्थापना की है। यह 58वां विभाग न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज हुए एमओयू से प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और नीति-निर्माण में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि ई-गवर्नेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, शिकायत निवारण तंत्र और योजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी सुविधाओं को इस पहल से नया आयाम मिलेगा। इस एमओयू से न केवल सरकारी कर्मचारियों और युवाओं के कौशल विकास और क्षमता उन्नयन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी और सुगम बनाया जाएगा।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि भ्रष्टाचार पर सख्त लगाम लगेगी और आम जनता को सरकारी योजनाओं का



- प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और नीति-निर्माण में होगा क्रांतिकारी सुधार
- भ्रष्टाचार पर कसेगा शिकंजा, आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा सुगमता से

लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त होगा। सीईजीआईएस के फाउंडर कार्तिक मुरलीधरन ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर राज्य की नीतियों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीकी, विश्लेषणात्मक और रणनीतिक सहयोग देंगे। साथ ही, रणनीतिक बजटिंग और वित्तीय प्रबंधन में शासन को सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक स्तर की विशेषज्ञता और डेटा-ड्रिवन नीति निर्माण से छत्तीसगढ़ को व्यापक लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास के लिए टीआरआई के साथ हुए समझौते के तहत, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और जल संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। टीआरआई के एसोसिएट डायरेक्टर श्रीश कल्याणी ने बताया कि हम छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर स्थानीय शासन को सशक्त बनाने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने और ग्रामीण विकास को तेज गति देने में सहयोग करेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि-आधारित आजीविका और जलवायु अनुकूलन जैसे क्षेत्रों में व्यापक सुधार लाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री साय ने इस महत्वपूर्ण समझौते के लिए सुशासन एवं अभिसरण विभाग, सीईजीआईएस और टीआरआई के प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक सुधारों की नई राह खुलेगी और राज्य की जनता को योजनाओं का त्वरित और प्रभावी लाभ मिलेगा। इस ऐतिहासिक समझौते के अवसर पर वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि इस एमओयू की छत्तीसगढ़ में सुशासन की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस, तथा सीईजीआईएस और टीआरआई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भूपेश बघेल की राहुल और प्रियंका गांधी से मुलाकात

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस में संभावित बदलाव की अटकलें तेज

**रायपुर,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी मिलने के बाद कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की। यह बैठक कांग्रेस संगठन में संभावित बदलाव और छत्तीसगढ़ कांग्रेस की आगामी रणनीति को लेकर अहम मानी जा रही है।



सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बुधवार को पार्टी के नए महासचिवों और प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें पार्टी की आगामी दिशा और रणनीति पर चर्चा की जाएगी। खासतौर पर, छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बदलाव की अटकलें और हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद इस बैठक की अहमियत बढ़ गई है। भूपेश बघेल की दिल्ली में हुई मुलाकात को संगठन में संभावित फेरबदल से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा, निकाय चुनाव और आगामी राजनीतिक घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बड़े बदलाव हो सकते हैं। बुधवार को खड़गे की बैठक में पार्टी की आगे की रणनीति पर फैसला लिया जाएगा। इसके बाद, बघेल बुधवार शाम 4.30 बजे दिल्ली से रायपुर के लिए रवाना होंगे और रात 8 बजे तक रायपुर पहुंचने की संभावना है। इस बैठक और मुलाकात के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस में राजनीतिक हलचल और अटकलें तेज हो गई हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा को भेजा नोटिस



कांग्रेस के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने प्रदेश नेतृत्व में बदलाव की मांग उठाई थी। उनके इस बयान को पार्टी ने अनुशासनहीनता मानते हुए उन्हें नोटिस जारी किया है और तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। जवाब नहीं देने पर जुनेजा पर निलंबन की गाज गिर सकती है। दरसअल, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने अपने बयान में कहा था कि, नगरीय निकाय चुनाव में मैंने सिर्फ एक टिकट मांगा, मैंने आकाश तिवारी के लिए टिकट मांगा था, लेकिन नहीं दी गई। अब आकाश तिवारी निर्दलीय चुनाव जीतकर पार्षद बन गए हैं। श्री जुनेजा ने साफ तौर पर कहा कि, मैंने हाईकमान को पत्र लिखा है, जल्द नेतृत्व में बदलाव होगा

## राजनांदगांव जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने दिया इस्तीफा

इधर हार के बाद से कांग्रेस के अंदर घमासान मचा है, वहीं कांग्रेस के बड़े नेताओं पर कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट रहा है। इस बीच राजनांदगांव से एक बड़ी खबर आयी है, जहां राजनांदगाव जिले के कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष और जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू ने कांग्रेस पार्टी पर आंतरिक षड्यंत्र और उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 3 फरवरी को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर इस संबंध में अवगत कराया था। भागवत साहू ने आज प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता लेकर संगठन पर कई आरोप लगाए। वर्तमान में जिला पंचायत चुनाव में हारने के बाद पार्टी द्वारा कोई सहयोग नहीं करने की बात भी कही। भागवत साहू ने कहा कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 टेरेसरा से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में उन्हें चुनावी मैदान में उतारा गया था, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने उन्हें किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं दिया। इसके विपरीत शहर और ग्रामीण क्षेत्र के कुछ नेताओं ने मिलकर साजिशन उनकी हार सुनिश्चित की।

## ब्रेकिंग न्यूज

### आप किसी बड़े वकील का नाम लेंगे और हम सुनवाई स्थगित कर देंगे, ऐसे नहीं चलेगा : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (न्यूज चैनल)। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे तो आपका ये सोचना गलत है। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की पीठ ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई के चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई करेंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे तो सुनवाई में शामिल होंगे।

### लगी आग से जान बचाने के लिए 6 लोग दूसरी मंजिल से नीचे कूदे,

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (न्यूज चैनल)।दिल्ली के नांगलोई इलाके में एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लग गई, अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटना के बारे में जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि उन्हें ज्वालापुरी क्षेत्र के अंतर्गत नांगलोई के फोन मार्केट से सोमवार देर रात करीब 9ः45 बजे आग लगने की सूचना मिली। अग्निशमन विभाग ने तुरंत कार्रवाई की और तीन दमकल गाड़ियां भेजीं। इस बीच, भीषण आग की वजह से बचाव अभियान मुश्किल हो रहा था। दूसरी मंजिल पर फंसे छह लोगों के पास दमकलकर्मियों के पहुंचने से पहले ही अपनी जान बचाने के लिए कूदने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।




**चूहा- सुनती हो, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा कह रहे हैं कि निकाय चुनाव में कांग्रेस की हार नहीं बल्कि वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की हार है।**

**चुहिया- हां जी, राजनीति में भला हार को कौन गले लगाएगा। अब नोटिस का जवाब दो..!**

# भाजपा ने दिल्ली के लिए रविशंकर प्रसाद-ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया, चुनेंगे नया सीएम

नई दिल्ली, 19 फरवरी (न्यूज चैनल)। भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया है। इन्हीं की उपस्थित में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी।



भाजपा संसदीय दल की बैठक खत्म

दिल्ली का अगला सीएम कौन होगा, इससे पर्दा आज उठ जाएगा। इसके लिए आज शाम 7 बजे भाजपा के विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। बैठक के बाद कल, 20 फरवरी को, रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। नए मुख्यमंत्री के लिए कई नाम चर्चा में हैं। इनमें सबसे आगे प्रवेश वर्मा का नाम लिया जा रहा है। नई दिल्ली विधानसभा सीट से अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। उनके पास 115.65 करोड़ रुपये की संपत्ति है और उन पर एक क्रिमिनल केस भी दर्ज है।दूसरी प्रमुख दावेदार रेखा गुप्ता हैं, जो शालीमार बाग से विधायक हैं। 50 वर्षीय रेखा गुप्ता दिल्ली बीजेपी की महासचिव और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। तीसरे दावेदार विजेंद्र गुप्ता हैं, जिन्होंने रोहिणी सीट से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की है। 61 वर्षीय विजेंद्र गुप्ता पहले दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। उनके पास 16.1 करोड़ रुपये की संपत्ति है और उन पर चार क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इसके अलावा, जनकपुरी से विधायक आशीष सूद और मालवीय नगर से विधायक सतीश उपाध्याय भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं। 58 वर्षीय आशीष सूद बीजेपी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के करीबी माने जाते हैं और गोवा के प्रभारी भी हैं। वहीं, 62 वर्षीय सतीश उपाध्याय दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष रह चुके हैं और सेंसर बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं।

# गांजा तस्करी में शामिल जीआरपी आरक्षकों की करोड़ों की संपत्ति फ्रीज

**बिलासपुर,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। ट्रेन के जरिए गांजा तस्करी करने वाले जीआरपी आरक्षक व उनके परिजनों की आय से अधिक संपत्ति को साफेमा कोर्ट मुंबई ने फ्रीज करने का फैसला सुनाया है। आरोपियों की करीब डेढ़ करोड़ की संपत्ति फ्रीज की गई है। बता दें कि जीआरपी का आरक्षक अपने साले के बैंक अकाउंट में गांजा तस्करी का पैसा जमा कराता था। तस्करी के पैसे से लक्जरी मकान व गाड़ियां खरीदी थी।

- गांजे के पैसे से खरीदे थे आलीशान घर और गाड़ियां

दरअसल, 23 अक्टूबर 2024 को बिलासपुर के जीआरपी ने आरोपी योगेश सोंधिया और रोहित द्विवेदी के कब्जे से 20 किलो गांजा जब्त किया था। मामले की जांच में पता चला कि जीआरपी थाना बिलासपुर में पदस्थ आरक्षक लक्ष्मण गाईन, मन्नु प्रजापति, संतोष राठौर और सौरभ नागवंशी गांजा तस्करी में शामिल हैं। इनके द्वारा ट्रेन में गांजा पकड़कर उसे बेचने के लिए अपने सहयोगी योगेश उर्फ गुड्डु, श्यामधर उर्फ छोटू को देते थे। आरक्षकों द्वारा ट्रेन में पेट्रोलिंग चेकिंग ड्यूटी में महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, चांपा, सक्ती, रायगढ़ आदि जगहों में जाते समय अपने साथ आरोपी गुड्डु उर्फ योगेश सोंधिया, छोटू उर्फ श्यामधर चौधरी को साथ में लेकर जाते थे। ट्रेन में चेकिंग के दौरान गांजा बरामद होने पर छोटू और गुड्डु की मदद से गांजा खरीदी के लिए बुलाए गए व्यक्तियों को ट्रेन में ही गांजा की सप्लाई कर देते थे। मामले को लेकर पुलिस की फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन व इंड-टू-इंड कार्रवाई में पता चला कि आरोपी आरक्षक गांजे की तस्करी में शामिल रहकर रकम को स्वयं के व बेनामी बैंक खातों में जमा कर देते थे। आरोपियों द्वारा तस्करी से कमाए गए राशि से करोड़ों की चल-अचल संपत्ति व लक्जरी वाहन खरीदे गए थे, जिन्हें एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत जब्त की गई। मामले में न्यायालय साफेमा मुंबई ने सूची अनुसार अवैध आय से क्रय संपत्ति को फ्रीज करने का आदेश जारी किया है।

## अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार कार, पति-पत्नी की मौत

**कोरबा,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई. यह घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के लखनपुर की है, जहां बीती रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटने से पति-पत्नी की जान चली गई. गाड़ी पति चला रहा था. अचानक उन्हें झपकी आई, जिसके चलते यह हादसा हुआ. जानकारी के मुताबिक प्रगति नगर बी टाईप 277, दीपका में रहने वाले एसएन चतुर्वेदी और उसकी पत्नी रामकली चतुर्वेदी कार से पारिवारिक कार्यक्रम में गृह ग्राम रीवा गए थे. वहां से वापस आ रहे थे, तभी यह हादसा हो गया. मृतक एसएन चतुर्वेदी स्द्रष्ध्य दीपका में डम्फर आपरेटर थे. मृतकों के तीन बच्चे हैं, जिनकी शादी हो चुकी है. उनके भी बच्चे

## बस ने खड़े ट्रेलर को ठोका, एक की मौत, 15 से ज्यादा घायल

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। प्रयागराज जा रही बस आज सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई. वहीं 15 से ज्यादा यात्री घायल हैं. घटना की सूचना मिलते ही गौरेला पुलिस मौके पर पहुंची है और राहत कार्य शुरू कर दी है. यह घटना गौरेला अनूपपुर मार्ग में खैरझिटी के पास हुई है।



जानकारी के मुताबिक, महिन्द्रा ट्रेवल्स की बस से तीर्थ यात्री रायपुर से प्रयागराज महाकुंभ के लिए जा रहे थे. इस दौरान ओवरटेक के चक्कर में बस ने खड़े ट्रेलर को पीछे से ठोक दिया. इस हादसे में बस कर्मचारी की मौत हो गई. वहीं 15 से ज्यादा लोग घायल हैं. सभी घायलों को नजदीकी वेंकटनगर स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया जा रहा है. बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ के चलते गौरेला अनूपपुर मार्ग पर दिन और रात गाड़ियां चल रही. तेज रफ्तार में गाड़ियां चलाने के चलते आए दिन हादसे भी हो रहे. इस पर लगाम लगाने में पुलिस असफल है।

## पंचायत चुनावों में शानदार जीत भाजपा के प्रति विश्वास की अभिव्यक्ति : सौरभ सिंह



**रायपुर,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। भारतीय जनता पार्टी त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक सौरभ सिंह ने पंचायत चुनवों के प्रथम चरण के मतदान के बाद सामने आ रहे परिणामों को पार्टी के विश्वास के अनुरूप बताते हुए कहा कि पंचायत चुनाव में भी पार्टी को पूरे प्रदेश में जनता जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और जन कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों से जनता में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है और ये नतीजे उसी विश्वास की मुखर अभिव्यक्ति हैं।

भाजपा पंचायत चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक सिंह ने कहा कि प्रथम दौर के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद अभी तक जो आँकड़े उपलब्ध हुए हैं, उनमें 160 जिला पंचायत की सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के 108 और भाजपा

- जिला पंचायतों के अब तक घोषित 160 परिणामों में भाजपा ने 98 सीटें जीतीं, 17 भाजपा समर्थित निर्दलीय भी जीते

समर्थित 17 निर्दलीय (कुल 125) प्रत्याशी चुनाव जीत गए हैं। अन्य क्षेत्रों में अभी मतगणना का कार्य चल रहा है और उनमें भी हम भारी बहुमत से जीतेंगे। प्रदेश की 33 जिला पंचायतों में से 14 जिला पंचायतों में तो कांग्रेस का एक भी उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत पाया है। बस्तर के नारायणपुर जिला पंचायत के सभी 9 क्षेत्रों में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की है। इसी प्रकार भाजपा के कवर्धा के सभी 6, खैरागढ़ के सभी 5, कोण्डागाँव के सभी 4, मुंगेली के सभी 4, सारंगढ़-बिलाईगढ़ के सभी 4 जिला पंचायत सदस्य चुने गए हैं। बलौदाबाजार के 6 में से 5, जांजगीर-चाँपा के 6 में से 4, बलरामपुर के 6 में से 4, सक्ती के 4 में से 3, रायगढ़ के 6 में से 5 और बालोद के 5 में से 3 क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों ने शानदार जीत हासिल की है। इन सभी जिलों के साथ-साथ गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही तथा कोरबा में कांग्रेस शून्य पर है और उसका एक भी उम्मीदवार नहीं जीता है। इनके अलावा शेष जिलों में भी कांग्रेस को इक्का-दुक्का सीटों पर ही जीत मिल सकी है।

भाजपा पंचायत चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक सिंह ने कहा कि बहुत बड़ी संख्या में जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों और सरपंच के चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी और हमारे कार्यकर्ता जीतकर आए हैं। हाल ही नगरीय निकायों के नतीजों के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है और कांग्रेस लगातार पाँचवीं बड़ी हार की ओर बढ़ रही है। सिंह ने कहा कि साय-सरकार के कार्यकाल में मोदी की गारंटी पूरी हुई, उसका सुपरिणाम नगरीय निकाय चुनाव में दिखा। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार ने मोदी की गारंटी पूरी की गई, उसका सीधा-सीधा सुपरिणाम भाजपा के पक्ष मैं देखने मिल रहा है।

## धार्मिक स्थलों के दर्शन के नाम पर धोखाधड़ी, फूटा लोगों का गुस्सा

**जगदलपुर,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। बस्तर में महाकुंभ और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. पीड़ितों ने इसकी शिकायत जगदलपुर कोतवाली थाने में की है. पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



पीड़ितों ने बताया, परचनपाला के रहने वाले योगेन्द्र पांडे ने कुंभ और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के नाम पर बस्तर के 55 लोगों से 7 से 8 हजार रुपए ले लिए, लेकिन प्रयागराज और काशी दर्शन के बाद यात्रियों को वादे के अनुसार अन्य स्थान नहीं ले गए. यात्रियों के विरोध करने पर योगेन्द्र पांडे और उसके साथियों ने यात्रियों से बदसलूकी भी की और कोरबा के पास बस छोड़कर भाग गए। सभी यात्री किसी तरह पैसे इकट्ठे कर वापस जगदलपुर पहुंचे. इसके बाद सभी ने कोतवाली थाने में योगेंद्र पांडे के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

CMYK